दैनिक

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 224 मुरादाबाद, 04 December 2023 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को एमपी में झटका, नौ में से चार सीट पर सौ वोट भी नहीं ला पाई जदयू

सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने दस सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। इनमें से नौ सीटों पर जदयू के प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई।इंडी गठबंधन (ढ्ढ.हृष्ठ.ढ्ढ..) के अगुवा बने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनकी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के रूप में दे रहे थे। कई सभाओं में सीएम नीतीश कुमार प्रधानमंत्री के रूप में देखते हुए नारे भी लगाए गए। लेकिन, ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड की किस्मत ठीक नहीं। ऐसा हम नहीं बल्कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम कह रहा। इस रिजल्ट ने सीएम नीतीश कुमार के राष्ट्रीय नेता बनने के अरमानों ने पानी फिरता दिख रहा। चार सीट पर तो सौ वोट भी नहीं ला पाए जदयू प्रत्याशी- दरअसल, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने दस सीट पर अपने उम्मीदवार घोषित किए थे। इनमें से नौ सीटों पर जदयू के प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। नरयोली सीट पर उम्मीदवार की घोषणा के बाद भी जदयू चुनाव नहीं लड़ सकी। लेकिन, अब तक आए चुनाव रुझान के अनुसार, सभी सीटों पर निराशा ही हाथ लगी। एक सीट (थंडला विधानसभा) पर आए नतीजे पर वोट की संख्या हजार पार कर पाई। बाकी चार सीटों पर तो सौ वोट भी जदयू प्रत्याशी नहीं ला पाए। जानिए, अब तक के रुझानों के अनुसार जदयू ने किस सीट पर कितना वोट लाया- बालाघाट = 26 गोटेगांव = 95 बहोरीबंद = 71 जबलपुर उत्तर = 161 पिछोरे = 45 राजनगर = 119 विजयराघवगढ़ = 21 थंडला = 1445 पेटलावद = 472

## विश्व दिव्यांग दिवस: सीएम योगी बोले, जब भी अवसर मिला दिव्यांगजनों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामान्य नागरिक की तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं का भी वर्णन किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजनों को जब भी अवसर मिला उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ऋषि अष्टावक्र, मध्यकालीन संत सुकरात, वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य इसके उदाहरण हैं। चीन में संपन्न हुए पैरा एशियाई खेलों को ही देखें तो हमारे पैरा खिलाड़ियों ने 111 मेडल जीते हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक की तुलना में दिव्यांगजनों का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनियाभर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने के लिए उन्हें विकलांग की जगह एक नया शब्द दिव्यांग दिया। सीएम योगी ने रविवार को डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने दिव्यांगजन कल्याण से जुड़ी हुई योजनाओं की धनराशि में वृद्धि की है। पहले दिव्यांगजनों को 300 रुपए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा मिलती थी। वर्तमान में इसे बढ़ाकर हमने 1000 रुपए मासिक कर दिया है। आज प्रदेश के लगभग 10 लाख दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2016-17 के बजट में प्रदेश के दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए मात्र 312 करोड़ रुपए का प्रावधान था। वर्तमान में हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1120 करोड़ रुपए कर दिया है। कुष्ठ रोग से जो ग्रसित दिव्यांगजनों को पहले ढाई हजार रुपए की पेंशन मिलती थी। इसे बढ़ाकर हमने तीन हजार रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रदेश के अंदर कुल 305000 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण वितरण की कार्रवाई को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। साथ ही प्रदेश की सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों में 8000 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष 40 करोड़ रुपए परिवहन विभाग को दे रही है। साथ ही 4342 दिव्यांगजनों को शादी प्रोत्साहन की राशि



उपलब्ध करवाई गई है। सीएम योगी ने कहा कि मानसिक दिव्यांगजन के लिए पूरे प्रदेश में पहले मेरठ, बरेली और गोरखपुर को मिलाकर कुल तीन राजकीय आश्रय गृह थे। वर्तमान में हमारी सरकार ने 6 नवीन केंद्रों की स्थापना की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के संचालन के साथ ही साथ प्रभु श्रीराम की पावन तपो भूमि चित्रकूट में भी जगतगुरु दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी जा चुकी है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के लिए दो विश्वविद्यालय संचालित हैं।

### राज्य स्तरीय पुरस्कार का किया वितरण

कार्यक्रम में सीएम योगी ने सामाजिक संस्थाओं एवं विशेष विद्यालयों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं, नियोक्ताओं, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इसके अलावा सीएम योगी ने कार्यक्रम में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण भी वितरित किए। साथ ही उन्होंने विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर केपी सिंह, अध्यापक, छात्र-छात्राएं और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीएम योगी बोले: यूपी में आदतन यातायात नियम तोड़ने वालों का रद्द होगा ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन किए जाएंगे सीज

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आदतन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जाएं। उनके वाहन भी सीज होने चाहिए। साथ ही कहा कि स्पीड ब्रेकर बनाते समय लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। परिवहन, पीडब्ल्यूडी, बेसिक, माध्यमिक शिक्षा, एक्सप्रेसवे और हाइवे प्राधिकरण आदि के बेहतर समन्वय के साथ इसे सफल बनाना होगा। सीएम ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जिसने सड़क दुर्घटना जांच योजना प्रारंभ की है। इसमें तीन या इससे अधिक मृत्यु वाली दुर्घटना की जांच अनिवार्य रूप से समिति के माध्यम से करनी होगी। यातायात पुलिस के साथ लगाएं पीआरडी जवान- सीएम ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सरकार द्वारा होमगार्डों की तैनाती की गई है। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें पीआरडी जवानों की तैनाती की जाए। दुर्घटना की स्थिति में 'आपदा मित्रों' की सेवाएं ली जाएं। कमर तोड़ने वाले न हों स्पीड ब्रेकर- उन्होंने कहा कि खराब रोड इंजीनियरिंग बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। पीडब्ल्यूडी, स्टेट हाईवे और एनएचएआई के मार्गों पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट सुधार के काम शीघ्र पूरे हों। स्पीड ब्रेकर कमर तोड़ने वाले न बनाए जाएं।

### ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन किए जाएंगे सीज

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आदतन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए जाएं। उनके वाहन भी सीज होने चाहिए। साथ ही कहा कि स्पीड ब्रेकर बनाते समय लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार उप्र राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। इसमें उन्होंने दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मौतों को न्यूनतम करने के लिए ठोस प्रयास पर जोर दिया। कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना होगा। पहले लोगों को जागरूक करें और पुनः उल्लंघन पर पेनाल्टी लगाएं। सीएम ने कहा कि कोहरे में हादसों को कम करने के लिए जागरूकता, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और इमरजेंसी केयर पर फोकस करने की आवश्यकता है। कहा, आगामी 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 'सड़क सुरक्षा पखवारे' के रूप में मनाया जाए। गृह, परिवहन, पीडब्ल्यूडी, बेसिक, माध्यमिक शिक्षा, एक्सप्रेसवे और हाइवे प्राधिकरण आदि के बेहतर समन्वय के साथ इसे सफल बनाना होगा। सीएम ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जिसने सड़क दुर्घटना जांच योजना प्रारंभ की है। इसमें तीन या इससे अधिक मृत्यु वाली दुर्घटना की जांच अनिवार्य रूप से समिति के माध्यम से करनी होगी। यातायात पुलिस के साथ लगाएं पीआरडी जवान- सीएम ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए सरकार द्वारा होमगार्डों की तैनाती की गई है। स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें पीआरडी जवानों की तैनाती की जाए। दुर्घटना की स्थिति में 'आपदा मित्रों' की सेवाएं ली जाएं। कमर तोड़ने वाले न हों स्पीड ब्रेकर- उन्होंने कहा कि खराब रोड इंजीनियरिंग बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बनती है। पीडब्ल्यूडी, स्टेट हाईवे और एनएचएआई के मार्गों पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट सुधार के काम शीघ्र पूरे हों। स्पीड ब्रेकर कमर तोड़ने वाले न बनाए जाएं।

## तीन राज्यों में जीत के रुझान से उत्साहित भाजपा नेता बोले- भारत के मन में मोदी

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत से स्पष्ट हो गया है कि देश की राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत से उत्साहित यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है। उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब




सुशासन और विकास की गारंटी है।उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है...आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी जी हैं और मोदी जी के मन में भारत है...मध्य प्रदेश में हमारी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ फिर वापस आ रही है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कमल खिल गया है... कमल खिलने का मतलब है सुशासन और विकास की गारंटी। अभी तक आए रुझानों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार के साथ ही छत्तीसगढ़ उसके हाथों से निकल गया है।

## एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ झांकी है, अभी बिहार बाकी है, जोश में दिखे सम्राट चौधरी

राजस्थान के रुझानों पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि जादूगर का जादू खत्म हो गया है। भाजपा इस चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी। बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा, 'SÂC तौर पर ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है और पीएम मोदी की गारंटी ने इस देश का दिल जीतने का काम किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़, ये झांकी है, अभी तो बिहार बाकी है...। भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मन में मोदी हैं यह स्पष्ट हो गया है, पूरे देश के मन में मोदी हैं यह भी स्पष्ट हो गया है... कांग्रेस फेल हो गई, परिवारवाद खत्म है, कांग्रेस खत्म है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, यह जीत खास है। देश को प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास है... इन चुनावों में यह स्पष्ट तौर पर उभरा है कि लोग डबल इंजन की सरकार चाहते हैं, मोदी जी के विकास और गरीब कल्याण में विश्वास रखते हैं...कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गईं...भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर वापस मुहर लगी है... विपक्ष ने जितना कीचड़ उछाला, उतना ही मोदी जी निखर कर आए, उतना ही कमल खिला है...। मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहनाओं से मुलाकात की और कहा, 'PM मोदी करोड़ों जनता के हृदय के हार हैं और देश की जनता के मन में भी बसते हैं। ये विश्वास की जीत है जो बीजेपी को आज मिल रहा है और मेरे बहनों आपने जो प्यार और आर्शीवाद दिया उसके लिए मैं आपके सामने नतमस्तक होता हूं। लाड़ली बहनों के साथ होने से बीजेपी को ये जीत हासिल हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, तीन राज्यों में प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की प्लानिंग और कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई है। तीन राज्यों



में भाजपा की सरकार बन रही है। राहुल गांधी ने झूठे वादे किए, किसानों के साथ धोखा किया...। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, मध्य प्रदेश के मन में प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री मोदी के मन में मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश के मन में लाडली बहना और लाडली बहना के मन में मध्य प्रदेश की विजय है। .मध्य प्रदेश~ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा, भाजपा अब तक की सर्वाधिक सीटें जीतकर इतिहास बनाएगी... कांग्रेस केवल झूठ बोलती है। भाजपा की सरकार बनाने के लिए आगे की जो रणनीति होगी वो हमारा केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। एमपी में भाजपा की बढ़त पर पार्टी नेता जश्न मना रहे। सीएम शिवराज का वीडियो आया सामनेछत्तीसगढ़ बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, 卐कांग्रेस के कुशासन का अंत होने वाला है। कमल खिलने वाला है। छत्तीसगढ़ खुशहाली और तरक्की की ओर आगे बढ़ने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी जनता को मिलने वाली है...यह रुझान ही परिणाम में बदलने वाला है और इससे अधिक सीटें भाजपा को मिलने वाली हैं... चुनाव नतीजों को लेकर जदयू ने भी ट्वीट किया है। जदयू नेता निखिल मंडल ने लिखा है कि 'INDIA गठबंधन को अब आदरणीय नीतीश कुमार जी के अनुसार चलना चाहिए। कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त होने की वजह से गठबंधन पर ध्यान नहीं दे पा रही थी। अब तो कांग्रेस भी चुनाव लड़ ली, रिजल्ट भी सामने है। याद रहे नीतीश कुमार जी विपक्षी गठबंधन के सूत्रधार हैं और वही इस नैया को पार करा सकते हैं। बता दें कि बीते दिनों नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान आरोप लगाया था कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में व्यस्त होने के चलते विपक्षी गठबंधन की रणनीति को लेकर चर्चा नहीं कर रही है। अब जब राजस्थान और एमपी में कांग्रेस पिछड़ रही है तो विपक्षी गठबंधन के सहयोगी कांग्रेस पर तंज कस रहे हैं। चुनाव नतीजों के बाद विपक्षी गठबंधन में भी रस्साकसी शुरू हो गई है। दरअसल समाजवादी पार्टी ने कमलनाथ का वीडियो ट्वीट कर उन पर तंज कसा है। सपा ने लिखा जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है । सपा प्रवक्ता मनोज सिंह काका ने एमपी में कांग्रेस की हार का ठीकरा कमलनाथ पर फोड़ा है। दरअसल एमपी चुनाव से पूर्व एक कार्यक्रम में कमलनाथ से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर सवाल किया गया था, जिस पर कमलनाथ ने कहा था कि छोड़ो भई अखिलेश-वखिलेश। इस पर सपा नेताओं और खुद अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। अब जब चुनाव नतीजों में कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई है तो सपा ने तीखा तंज कसा है।(शरद पवार गुट) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, ये लिटमस टेस्ट नहीं है। साल 2019 में राजस्थान और मध्य प्रदेश, दोनों राज्यों में कांग्रेस जीती थी और लोकसभा चुनाव में कुछ और हुआ था। लोकसभा और विधानसभा काफी अलग होते हैं... जैसी लड़ाई होगी उसी हिसाब से पता चलेगा कि लोकसभा में क्या होगा...

## संपादकीय Editorial

# And why minister?

Now the time has come to ask in Himachal whether there is a need for ministers within the government or not. With the same arguments with which ministers are found, are they able to do their work in the same reasonable manner? At least in the eyes of the entire state, the ministers of Himachal were never considered complete, while many ministers appeared distant or weak even from departmental responsibilities. One reason for this was the feeling of insecurity in the politics of small states, yet the image of some ministers, their behavior and departmental understanding remained dominant. In fact, the emerging regionalism within Himachal was always seen and understood in the cabinets of the governments. On the other hand, the pinnacle of power always glorified the post of Chief Minister or the care of the crown made the ministers playthings. Late who once became a challenge for the post of Chief Minister. Salig Ram Sharma was replaced by Dr. Y.S. Parmar. Sometimes Prem Kumar Dhumal removed a senior minister like Kishan Kapoor from the cabinet, and sometimes due to the fixed strength of the cabinet, Major Vijay Singh Mankotiya was expelled by Virbhadra Singh. There is also a story of Kishan Kapoor's absence from the Jairam Thakur cabinet for the second time, which reduced the political prospects of this leader to zero.

Obviously, amid all such instances, the post of Chief Minister in the hilly state was made so powerful that the parties remained united in terms of ruling power. Here, the identity of politics is not the leader but the powerful chief minister. That is why YS Parmar, Virbhadra Singh, Shanta Kumar, Prem Kumar Dhumal and Jairam Thakur were also there in different parameters of the image. This accomplishment is now evaluating the personality of the present Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu. Although one aspect of his one year rule has come to the fore, his administrative hold, vision and leadership as a ruler, but on the other hand, he was seen keeping only his own sword safe in his political sheath. More or less every Chief Minister in the Himachal governments has not given place to anyone else's sword in its sheath and this power has been reflected in the form of the cabinet. It is noteworthy that for the first time, Mukesh Agnihotri was seen in the post of Deputy Chief Minister on the platform of power of Congress, but there was no parallel division in departmental allocation. We can assume that the supremacy of the post of Chief Minister remains intact in the Sukhu government and this year has passed proving it convincingly. Even if political pundits (?) are found speculating in Himachal, it is certain that it would be foolish to see or understand this scaffolding.

If three vacancies have been hanging in the cabinet for a year, then the aspirations of many leaders have not been sacrificed just like that. This is an experiment and also a strength that neither there is any seniority scale in the cabinet list nor any ladder of political history can be effective. It is possible that some ministers may find this issue in the heat of the Lok Sabha elections, but even if ministers are not made, what difference does it make? The real difference will be the feeling that the public accepts the status of the government. If, on the basis of his popularity, Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu gives the majority of seats to Congress at the end of the Lok Sabha elections, it will prove that a Chief Minister has succeeded in communicating with the voters. He has self-confidence, power, every aspect and skill of governance, budget and system. The final and only synonym for success is that the working style of the Chief Minister should decide the journey of taking the party forward in the electoral race.

# Scenario: Even after a decade and a half of Mumbai attacks, our urban surveillance system is under-developed

The terrorist attack in Mumbai had shocked our security establishment. Even today, attacks continue to occur from across the Line of Control from time to time. While technology is being used to combat terrorism all over the world, the surveillance system in our cities is under-developed. Fifteen years ago, the 26/11 terrorist attack in Mumbai shocked the Indian security establishment. The audacity with which it was carried out made the rest of India appear helpless and indecisive. But even fifteen years later, India has failed to bring the Pakistani establishment to book, despite US and UN resolutions supporting sanctions against terrorist actions. Support to Pakistan at various UN forums protects it from prosecution, as the West remains helpless. The use of terrorist attacks is a credible part of Pakistan's foreign policy, which it will not abandon. Despite surgical strikes after Uri and Balakot attacks, this is a matter of concern for India. Successful intelligence operations against terrorism are indeed the first requirement of defense and our intelligence agencies should be appreciated for preventing such potential threats. But are we seriously preparing to deal with situations that could save us from terrorist attacks, and are we able to see the ominous clouds coming from Pakistan? This has not stopped, as we have seen recently with attacks from across the Line of Control. These recurring terrorist attacks are an inauspicious sign. These techniques being used for suicide attacks provide a model for future attacks as well. In fact, since the 26/11 attacks, Western governments (even the US and UK) have encouraged LeT to attack urban targets. Analyzed the 'Mumbai Template' in detail, prepared protocols and rehearsed our response. But in India we seem to be far away from preparation. Why haven't our cities, at least the metro cities, followed suit yet? Whereas today technical solutions are available for almost all security needs. Watch a recent report on how the Mumbai Home Ministry and Police Department have shown a completely unprofessional attitude towards coastal security. Mumbai Police reportedly purchased 46 boats in the last three years to protect Mumbai's coastal areas, but today only eight of them are operational. One reason for Pakistan choosing Mumbai as the target was the poor state of preparedness across Mumbai. This gave a very bad image to India and its police forces were unable to even operate a Point 303 bolt action rifle, leave alone an AK 47 or 56. Sadly, those who join the police are forced to become terrorists or insurgents. Not interested in fighting. They are only capable of issuing traffic challans. This will not scare a terrorist like Kasab. To top it all, while technology is being used to combat terrorism across the world, the surveillance system in our cities remains under-developed. As with Mumbai's rusting boats, police departments across the country keep asking their political masters to approve new equipment until they too rot away. The few boats that are left barely function. The concept of training and maintenance of equipment in the police is different from that of the armed forces, which are equipped to deal with the worst even with older equipment. Hi-tech police command centers are built in state capitals and shown to ministers, who then go home and sleep comfortably. But beat constables are often left alone without a walkie-talkie to protect our cities and people. However there are some limitations. The state police budget is extremely inadequate, barely covering its expenses. Chief Ministers are also at fault in this. Police modernization is almost entirely dependent on central government grants. The second problem is that we want to impose a top-down solution by increasing central counter-terrorism capabilities, while the constitutional and legal framework makes police and public order the responsibility of the state. Thus the state police force is the primary mechanism to prevent, detect, pre-empt and then neutralize and investigate all types of crimes including terrorist attacks. In how many cities can the National Security Guard (NSG) be activated at a time from its four regional centers and its headquarters in Delhi? They admit they can't do it. Also consider that attacks may occur in multiple locations within a city. If the answer is to be given with crude radiological equipment (what they call dirty bombs), then the situation is understandable. Even if NSG units move forward with heavy operations, airlift capabilities and empty roads, can we afford to surrender the first few hours to highly trained terrorists carrying out special tactical attacks on helpless civilians? In such a situation, the incident of being held hostage for 60 hours like in Mumbai may be repeated, in which a large number of people will be killed and lakhs of people will suffer indirectly as they will be glued to their TV screens. This is exactly what terrorists want. if If the terrorists are to be deprived of the initial advantage, then the local police and police stations will have to be prepared for this strategic responsibility by equipping them with equipment and training. Counter-terrorism capabilities in Delhi should be enhanced judiciously, avoiding expanding central powers without testing their efficacy. We also need to invest more in our state police forces to respond to any initial terrorist attack. The responsibility for this should be completely borne by the state governments.


# Bangladesh War: When we changed the map...if we had time, history would have changed too

If General Niazi, Commander of Pakistan's Eastern Army, had laid down arms on 25 December 1971 instead of 16 December, perhaps we would have liberated Kashmir. That would have changed the scenario. On the morning of December 3, 1971, Pakistan launched a massive air attack on India's western air bases. With that, the India-Pakistan war started, which culminated in the historic surrender of Pakistan's Eastern Army Commander General Niazi and his 93 thousand soldiers in Dhaka on 16 December. It was the greatest moment in India's post-independence history when we changed the map of South Asia. By the time Pakistan attacked, our army had started its operations along with Mukti Bahini. That Mukti Bahini was the product of the strategy of our army generals. Contrary to the traditional strategy, the Indian Army moved forward from three directions, bypassing the Pakistani fronts and abandoning the main routes. The then Prime Minister Indira Gandhi expected that our army should start immediate action after the violent crackdown on Bengalis by the Pakistan Army on March 25. But General (later Field Marshal) Manek Shaw clearly refused to the cabinet that right now we are neither strategically nor materially prepared. Due to lack of funds our tanks could not even be serviced. There were also no storage facilities. The General said that by the time the army starts moving, rains will come and now there is a danger of China's interference, so we will have to wait until snow falls on the Himalayan passes. The General's arguments had to be accepted. However, the army started its preparations. The question came from Indira ji that what can we do in the meantime. Then the idea of a guerrilla force of Bengalis trained by the Indian Army came to the general's mind. This is how Mukti Vahini was born. At that time we did not have today's modern weapons. The artillery of the Second World War era was only 25 pounder guns and small mountain guns. Still the ideals of the army were high. The news of the gruesome massacre being carried out by the Pakistan Army was spreading all over the world. But global support was not with us on the basis of morality and humanity. When the war started, there was only support from the then Soviet Union. We made a treaty of friendship with him. The American attitude was extremely disappointing. To put pressure on India, he sent his seventh fleet to the Bay of Bengal. But the army was busy in its operations. Paradrop of commando soldiers in Tangail made big news. The courage of Pakistani soldiers was beginning to show. People say that the feeling of freedom that the Indian Army received when it entered Dhaka cannot be expressed in words. There would have been very few such welcomes for the winners in the history of the world. There was tremendous hatred for the Pakistanis in the new country, because they brutally murdered three million Bengalis, selectively killed intellectuals in Dhaka University, and brutalized women. Now they all laid down their arms and were prisoners in the camps. But General (later Field Marshal) Manek Shaw clearly refused to the cabinet that right now we are neither strategically nor materially prepared. Due to lack of funds our tanks could not even be serviced. There were also no storage facilities. The General said that by the time the army starts moving, rains will come and now there is a danger of China's interference, so we will have to wait until snow falls on the Himalayan passes. The General's arguments had to be accepted. However, the army started its preparations. The question came from Indira ji that what can we do in the meantime. Then the idea of a guerrilla force of Bengalis trained by the Indian Army came to the general's mind. This is how Mukti Vahini was born. At that time we did not have today's modern weapons. The artillery of the Second World War era was only 25 pounder guns and small mountain guns. Still the ideals of the army were high. The news of the gruesome massacre being carried out by the Pakistan Army was spreading all over the world. But global support was not with us on the basis of morality and humanity. When the war started, there was only support from the then Soviet Union. We made a treaty of friendship with him. The American attitude was extremely disappointing. To put pressure on India, he sent his seventh fleet to the Bay of Bengal. But the army was busy in its operations. Paradrop of commando soldiers in Tangail made big news. The courage of Pakistani soldiers was beginning to show. People say that the feeling of freedom that the Indian Army received when it entered Dhaka cannot be expressed in words. There would have been very few such welcomes for the winners in the history of the world. There was tremendous hatred for the Pakistanis in the new country, because they brutally murdered three million Bengalis, selectively killed intellectuals in Dhaka University, and brutalized women. Now they all laid down their arms and were prisoners in the camps. If the achievements of December 16, 1971 had been taken to their true consequences, the Pakistani rulers would never have had the courage to say that they had the atom bomb. Nixon-Kissinger were worried that after Bangladesh, India might turn west and target Pakistan. The American administration put so much pressure on Indira Gandhi that the Iron Lady had to order a defensive strategy to the Western Command. General Manek Shaw had strongly opposed him. I think that if Niazi's surrender had taken place on 25th December instead of 16th December, we might have liberated a large part of Kashmir. Then there would have been no land connectivity between China and Pakistan and the entire strategic scenario would have changed...! That war ended with a great victory, having written an incomplete history, without reaching its completion. -Ex-serviceman, former IAS.

# खुले में चिकित्सा अपशिष्ट फेंकने से संक्रमण का खतरा

**जिला अस्पताल में कचरा खा रहे थे कुत्ते, अंदर भी लेकर पहुंचा, कई निजी क्लीनिक एनजीटी के आदेशों की कर रहे अनदेखी**





मुरादाबाद- बायो मेडिकल वेस्ट (चिकित्सा अपशिष्ट) यानी अस्पतालों से निकलने वाला कचड़ा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग लापरवाह है। इसकी बानगी जिला अस्पताल में शनिवार को दिखी। प्लास्टिक कचरा, डिस्पोजेबल, ट्यूबिंग, नली सहित अन्य कचरा कुत्ते खा रहा थे। चिकित्सा अपशिष्ट लेकर कुत्ता अस्पताल के अंदर भी चला गया। शायद, जिम्मेदारों की इस ओर नजर नहीं गई। जानकार मानते हैं कि ऐसी स्थिति से संक्रामण बढ़ने का खतरा बढ़ेगा, जबकि, दो माह पहले भी इमरजेंसी में कुत्तों के घूमने का वीडियो वायरल हुआ था। उसमें कुत्ता मरीज का रखा पानी पीता दिखा था, जबकि अस्पताल से निकलने वाले कचरे के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने मानक तय किए हैं। इसके बावजूद जिले के अधिकांश सरकारी व निजी अस्पतालों में इसका पालन नहीं हो रहा है। जिला अस्पताल से निकलने वाला कूड़ा इमरजेंसी के पास इकट्ठा किया जाता है। इसमें, अधिकतर कबाड़ी प्लास्टिक की वस्तुएं उठा ले जाते हैं। ऐसा करने वाले मास्क भी नहीं पहनते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसी रास्ते से अस्पताल के अधिकारी गुजरते हैं लेकिन, इनकी नजर इस पर नहीं पड़ती है। यह कबाड़ी अपनी जान जोखिम में डालकर खतरनाक चिकित्सा अपशिष्ट को अपने बोरे में भरते हैं और दुकान पर बेच देते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इस बीच उसके कई लोग संपर्क में रहते हैं जिन्हें संक्रामक बीमारी का खतरा बना रहता है।

## सरकारी और निजी अस्पताल के लिए है नियम

अस्पतालों से निकलने वाले चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में होना चाहिए। यह नियम सरकारी और निजी दोनों ही अस्पतालों में लागू है। निजी अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन कराने से पहले अस्पताल संचालक को बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट से किए गए करार के कागजातों को शामिल करना होता है। मगर, यहां बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर जिम्मेदार गंभीर नहीं हैं। इस वजह से निजी नर्सिंग होम संचालक प्लांट तक कचरा भेजने में आने वाला खर्च बचाने के चक्कर में इसका निस्तारण नहीं कराते हैं तो जिला अस्पताल में भी कचरा निस्तारण के नाम पर खेल चल रहा है।

## कूड़ेदान को लेकर यह है शर्त

पीले कूड़ेदान में इसमें शारीरिक, रासायनिक, गंदा कपड़ा, दवाइयों संबंधित एवं प्रयोगशाला का कचरा डाला जाता है।

लाल कूड़ेदान में दूषित प्लास्टिक कचरा, डिस्पोजेबुल वस्तुएं जैसे ट्यूबिंग, प्लास्टिक की बोतल, शिरभ्यंतर और कैथेटर, सुई के बिना सीरिंज आदि को रखा जाता है। नीले कूड़ादान में कांच की वस्तुएं एवं धातु प्रत्यारोपण, कांच से बनी टूटी-फूटी एवं शीशी अथवा बोतल, स्लाइड कांच की पेट्री डिश आदि को रखा जाता है। ग्रे कूड़ादान में धारदार धातु वाला कचरा, सुई एवं ब्लेड जैसे वस्तुएं रखी जाती हैं। काले कूड़ेदान में परिसंकटमय और अन्य कचरा, खाली एवं एक्सपायर्ड कीटाणुनाशक पदार्थों की बोतल, सीएफएल बल्ब, ट्यूब लाइट एवं बैटरी को रखा जाता है। आसमानी रंग के कूड़ादान में पुनर्चक्रण योग्य कचरा और हरे कूड़ेदान में स्वाभाविक तरीके से सड़ने वाले सामान्य कचरा को रखना होता है।

## कहीं उचित प्रबंध नहीं, कहीं है डस्टबिन की व्यवस्था

बिलारी। क्षेत्र के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण के लिए उचित प्रबंध नहीं हैं। हालांकि कुछ निजी अस्पतालों में डस्टबिन रखे गए हैं। शाहबाद चौराहा के पास स्थित मलिक हॉस्पिटल में शनिवार को अपशिष्ट निस्तारण के लिए डस्टबिन रखे मिले। लेकिन स्टेशन रोड स्थित निजी क्लीनिक में डस्टबिन में गंदगी मिली। मलिक हॉस्पिटल के डॉ. शाकिर मालिक ने बताया कि वे तीन प्रकार के डस्टबिन इस्तेमाल करते हैं। गीला कचरा, सूखा कचरा, पॉलीथिन नीडल के लिए अलग-असग डस्टबिन की व्यवस्था है। सुशीला बायोमेडिकल बेस्ट प्लांट की एक गाड़ी आती है, उसमें चिकित्सा अपशिष्ट डाल दिया जाता है।

उन्होंने बताया इसकी लिखित कार्रवाई होती है और एक रसीद भी दी जाती है। इसके अलावी जगत क्लीनिक में कोई डस्टबिन नहीं मिला। इसके डॉ. गुरदीप सिंह ने बताया कि सप्ताह में एक बार गाड़ी आती है, उसमें चिकित्सा अपशिष्ट डाला जाता है। जिला अस्पताल में चिकित्सा अपशिष्ट को लेकर लापरवाही करने पर चिकित्साधीक्षक से पूछताछ की जाएगी। पूरे जनपद के लिए डॉ. आरिफ को बायो मेडिकल वेस्ट का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कहीं कमी पाई जाती है तो उसकी जांचकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। - डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओ

# किसी से रंजिश नहीं.. घर में भी सब ठीक, आखिरकार आम के पेड़ में क्यों लटका मिला कलुआ, पुलिस कर रही जांच



मुरादाबाद-टांडा के ग्राम रफातपुर निवासी कलुआ का शव पेड़ से लटके मिलने की सूचना के बाद भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पता लगाया जा रहा है कि कलुआ ने आत्महत्या की है या किसी ने उसकी हत्या की है।टांडा क्षेत्र के ग्राम रफातपुर निवासी मजदूर का शव गांव के बाहर स्थित बाग में पेड़ से लटका मिलने पर भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मजदूर शनिवार शाम घर से टांडा जाने को कहकर निकला था। क्षेत्र के गांव रफातपुर निवासी मजदूर राम प्रसाद उर्फ कलुआ (45) शनिवार शाम करीब पांच बजे घर पर परिजनों से टांडा जाने को कहकर निकला था।देर रात तक जब कलुआ घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसको गांव व रिश्तेदारी में तलाश किया। बहुत तलाश के बाद भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। रविवार सुबह कलुआ की भाभी कृष्णा जब खेत पर जाने के लिए निकली तो उन्होंने खेत में मौजूद आम के बाग में पेड़ पर रस्सी से लटका कलुआ का शव देखा। शव को देखते ही उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार पर बाग में ग्रामीणों की भीड़ भी जमा हो गई। सूचना पर मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। शव रस्सी से बंधा हुआ था लेकिन जमीन से टिका हुआ था। पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के परिवार में पत्नी सावित्री देवी व तीन बेटियों तथा एक पुत्र है। मृतक के भाई श्याम लाल ने बताया कि गांव में परिवार से किसी से कोई रंजिश नहीं है। कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह पचौरी का कहना है कि प्रथमदृष्ट्या आत्महत्या प्रतीत हो रही है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत वर्ल्ड द्वारा सनातन राष्ट्रीय समर्थन यात्रा का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद दिल्ली रोड स्थित मंगूपुरा में कृष्णा बाल विद्यालय मंदिर इंटर में विश्व हिंदू महासंघ भारत वर्ल्ड ने भव्य सनातन राष्ट्रीय समर्थन यात्रा निकाली जिसमें बताया गया कि यात्रा मेरठ से चलकर रामपुर बरेली की और प्रस्थान करेगी। कहा कि यात्रा का उद्देश्य हिंदू राष्ट्र बनाना है। संघ का काफिला मुरादाबाद सिटी से होते हुए बरेली पहुंचा, इस भव्य यात्रा में लोगों में हिंदू राष्ट्रीय बनाने की उत्तेजना को जगाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि यह यात्रा 2 दिसंबर को मेरठ से प्रारंभ होकर 6 दिसंबर को मेरठ में संपन्न होगी। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश वीर, प्रदेश मंत्री रोहित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अवनीश चौहान, सह मंडल मुरादाबाद व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, हनी यादव व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।





# यात्रियों को सफर में धोखा दे रही रोडवेज, मुरादाबाद जोन की एक महीने में 41 बसें रास्ते में खराब

मुरादाबाद - परिवहन विभाग के बसों की 100 प्रतिशत मरम्मत करने का दावा फेल हो रहा है। एक महीने के अंदर मुरादाबाद जोन की 41 बसें रास्ते में खराब हुई हैं। बसें डिपो से निकलकर 10 किलोमीटर भी नहीं चल पा रही हैं। यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान पर पहुंचाने वाली मुरादाबाद जोन की बसें इन दिनों कहीं पर भी खराब हो जा रही हैं। जिस वजह से ठंड में यात्रियों का सफर करना मुश्किल हो गया है। एक महीने में जोन की 41 बसें रास्ते में खराब हुई हैं। इतना ही नहीं जोन की जो बसें चल रही हैं, अधिकतर में गंदगी फैली होती है। इस कारण यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। परिवहन विभाग द्वारा बसों की 100 प्रतिशत मरम्मत करने का दावा फेल हो गया है। एक महीने के अंदर मुरादाबाद जोन की 41 बसें रास्ते में खराब हुई हैं। बसें डिपो से निकलकर 10 किलोमीटर भी नहीं चल पा रही हैं। कर पा रही हैं। जब कि अधिकारियों का कहना है कि बसें रोज चेक करने के बाद ही चलने के लिए भेजी जाती हैं। आए दिन बसों में स्टेयरिंग पाइप फटने, ब्रेकडाउन होने, पहिया जाम होने, करंट छोड़ देने, फैन बेल्ट खराब होने जैसी आदि समस्या आती है। बसें खराब होने पर चालक और परिचालक हाथ खड़ा कर देते हैं और दूसरी बसों में यात्रियों को बैठा कर रवाना करते हैं। तमाम समस्याओं के बीच यात्रियों का सफर पूरा होता है। इस प्रकार के मामले हर दूसरे दिन आ रहे हैं। पिछले दो दिनों में दो बसें शहर में ही खराब हो गईं। परिवहन विभाग के अधिकारी अनजान बने रहे। रास्ते में खराब हो रहीं ज्यादातर बसें -रास्ते में सबसे अधिक बसें पीतलनगरी और मुरादाबाद डिपो की खराब हो रही हैं। एक महीने में पीतलनगरी की 10, मुरादाबाद की सात, रामपुर की छह, अमरोहा की पांच, चांदपुर की दो, बिजनौर की छह, नजीबाबाद की पांच बसें खराब हो गई है। केस-1 29 नवंबर को दिल्ली जा रही मुरादाबाद डिपो की एक बस चौधरी चरण सिंह चौराहे पर ही खराब हो गई, इस वजह से यात्रियों को सड़क पर उतार दिया गया। यात्रियों को करीब 20 मिनट तक दूसरी बस का इंतजार करना पड़ा। केस-2 28 नवंबर को पीली कोठी चौराहे के पास बिजनौर जाने वाली बस ने यात्रियों को धोखा दे दिया।

# भांजी बता मदरसे से छात्रा को ले आया प्रेमी, गुस्से में थाने में पहुंची, शादी कराने की जिद पर अड़ी

कुंदरकी क्षेत्र का रहने वाला युवक मदरसे में पढ़ने वाली युवती को भांजी बताकर ले आया। इसके बाद वह उसे दिनभर घुमाता रहा। शाम को छात्रा थाने पहुंच गई। इसके बाद वह युवक से शादी करने की जिद करने लगी। कुंदरकी क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा युवक मुरादाबाद शहर के मदरसे में पढ़ रही छात्रा का खुद की भांजी बताकर ले आया। दिनभर छात्रा को अपने साथ घुमाता रहा। शाम को छात्रा कुंदरकी थाने में पहुंच गई और रिश्तेदार युवक को प्रेमी बता उससे ही शादी करने की जिद पर अड़ गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त युवक को भी थाने बुलाया।सूचना पर छात्रा के पिता भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। कहा कि आरोपी युवक पांच माह पहले भी उसकी बेटी को भगा कर ले जा चुका है। उस समय समझौता हो गया था, जिसमें उक्त युवक ने किसी तरह की हरकत नहीं करने की बात कहीं थी। आरोप है कि सात दिन पहले भी उसकी बेटी के साथ घर में घुसकर आरोपी गलत हरकत कर चुका है। अब फिर से आरोपी उसकी 17 वर्षीय बेटी को मदरसे से अपनी भांजी बताकर बहला फुसलाकर साथ ले आया और शाम में थाने के सामने छोड़ कर चला गया। उधर, छात्रा ने प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी है, लेकिन आरोपी युवक पहले से शादीशुदा है। उसके दो बच्चे भी है। पहली शादी भी उसने प्रेम-प्रसंग से ही की है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल पर कटघर थाना क्षेत्र के करूला है इसलिए कटघर पुलिस को भी यह प्रकरण सुपुर्द किया जाएगा।

# बरात आने से पहले प्रेमी संग चली गई दुल्हन, थाने में शादी की बात कह रोने लगी, युवक पुलिस देख खामोश रहा

गजरौला में बरात आने से पहले ही युवती प्रेमी संग चली गई। दोनों की एक ही बिरादरी होने के कारण शादी आड़े आ रही है। पुलिस ने दोनों को दिल्ली से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है। गजरौला में बरात आने से 18 दिन पूर्व युवती अपने प्रेमी संग चली गई। प्रेमी युगल को पुलिस ने दिल्ली से बरामद किया। युवक ने प्रेमिका के साथ शादी करने की जिद की लेकिन दोनों का एक ही समुदाय पर अलग-अलग बिरादरी का होना आड़े आ रहा है। मामला नगर एक के मोहल्ले का है। यहां पर मुस्लिम समुदाय की दो बिरादरी के लोग रहते हैं।मोहल्ले में एक युवक ने सामने रहने वाले शख्स की बेटी को प्रेमजाल में फंसा लिया। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन अलग-अलग बिरादरी का होना उनकी शादी में अड़चन बन गई। परिजनों ने उनके मिलने जुलने पर पाबंदी लगा दी। इस बीच युवती के परिजनों ने उसका गढ़ मुक्तेश्वर के गांव में रिश्ता तय कर दिया। 19 दिसंबर को बरात आना तय हुआ। जिसकी भनक युवती और उसके प्रेमी को लगी। जिस पर दोनों चुपचाप घर से निकल गए। पुलिस ने दोनों को दिल्ली से बरामद किया। बताया जा रहा है कि युवक ने प्रेमिका के साथ शादी की जिद की, लेकिन युवती के परिजन सहमत नहीं हुए। पुलिस का कहना है कि प्रेमी युगल को बरामद कर लिया गया था। परिजनों ने कोई कार्रवाई नहीं कराई।

## भांजी बता मदरसे से छात्रा को ले आया प्रेमी, गुस्से में थाने में पहुंची

कुंदरकी क्षेत्र के एक गांव निवासी शादीशुदा युवक मुरादाबाद शहर के मदरसे में पढ़ रही छात्रा का खुद की भांजी बताकर ले आया। दिनभर छात्रा को अपने साथ घुमाता रहा। शाम को छात्रा कुंदरकी थाने में पहुंच गई और रिश्तेदार युवक को प्रेमी बता उससे ही शादी करने की जिद पर अड़ गई। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त युवक को भी थाने बुलाया। सूचना पर छात्रा के पिता भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। कहा कि आरोपी युवक पांच माह पहले भी उसकी बेटी को भगा कर ले जा चुका है। उस समय समझौता हो गया था, जिसमें उक्त युवक ने किसी तरह की हरकत नहीं करने की बात कहीं थी। आरोप है कि सात दिन पहले भी उसकी बेटी के साथ घर में घुसकर आरोपी गलत हरकत कर चुका है। अब फिर से आरोपी उसकी 17 वर्षीय बेटी को मदरसे से अपनी भांजी बताकर बहला फुसलाकर साथ ले आया और शाम में थाने के सामने छोड़ कर चला गया।

# धोखा देकर दूसरे समुदाय की युवती से बनाए संबंध, गर्भवती हुई तो भाग निकाला खुर्शीद, अविवाहित बता बढ़ाई पहचान

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक ने मेरठ निवासी दूसरे वर्ग की युवती को प्रेमजाल फंसा लिया। शादी करने का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। युवती चार महीने की गर्भवती हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर ली है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के असगरीपुर गांव में रहने वाला खुर्शीद हापुड़ जिले के कुचेसर चौपला में एक मकान में किराए पर रहता था।

वह फेरी लगाकर कालीन दरी बेचता था। वहीं मकान के एक कमरे में मेरठ जिले के भावनपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दूसरे समुदाय की युवती भी रहती थी। आरोप है कि खुर्शीद ने खुद को अविवाहित बताकर पहले युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बाद में शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। चार महीने पहले खुर्शीद युवती को अपने साथ हापुड़ से जोया ले आया। यहां दोनों एक किराए का मकान लेकर पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। आरोप है कि एक नवंबर को खुर्शीद घर नहीं पहुंचा तो युवती उसे तलाशती हुई असगरीपुर पहुंच गई। यहां पता चला कि खुर्शीद पहले से शादीशुदा है। जिसके बाद युवती के होश उड़ गए। इस बीच युवती चार महीने की गर्भवती हो गई थी। पीड़िता ने शनिवार को डिडौली कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि मामले में आरोपी खुर्शीद के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# 2 अभियुक्तों को 02 ट्रैक्टर की ट्राली कीमत करीब 3,40,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 ट्रैक्टर सहित किया गया गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद- अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर श्री रवीन्द्रनाथ राय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना राजेपुर पुलिस द्वारा दिनांक 2/3.12.2023 को थाना राजेपुर के मु0अ0सं0- 184/23 धारा- 379/411 भादवि एवं मु0अ0सं0 185/23 धारा- 379/411 भादवि से सम्बन्धित चोरी हुयी ट्रैक्टर की 02 अदद ट्राली सहित अभियुक्त अंकित राजपूत व हरीराम को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बिना नम्बर पावर ट्रैक यूरो 47 सुपर मैक्स बरामद किया गया ।घटना का विवरणः- दिनांक 2/3.12.2023 को थाना राजेपुर के मु0अ0सं0- 184/23 धारा- 379/411 भादवि एवं मु0अ0सं0 185/23 धारा- 379/411 भादवि से सम्बन्धित चोरी हुयी ट्रैक्टर की 02 अदद ट्राली सहित अभियुक्त अंकित राजपूत व हरीराम को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बिना नम्बर पावर ट्रैक यूरो 47 सुपर मैक्स बरामद किया गया । उल्लेखनीय है कि बरामद की गयी 02 ट्रैक्टर की ट्रालियां जिनमें 01 ट्राली दिनांक 28.01.2023 को तथा दूसरी ट्राली दिनांक 26.11.2023 को थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव चित्रकूट से चोरी की गयी थी । गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः- 1. अंकित राजपूत पुत्र राम सिंह निवासी आकलगंज थाना मऊदरवाजा ।2. हरीराम पुत्र रामसेवक शाक्य निवासी धारमपुर थाना कादरीगेट । पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा बताया कि हम दोनों लोग मिलकर गांवों में घूमफिर कर रैकी करते है और रात्रि में अपने ट्रैक्टर द्वारा गांवों में एकान्त में खड़ी ट्राली को चोरी करते है तथा कुछ दिन छिपा कर रखने के बाद उनको बेच देते है। ट्रालियों को बेचकर जो रुपये मिलने है हम लोग आपस में बाट लेते है यह दोनों ट्रालियां हमने चित्रकूट गांव से चोरी की थी।

# मंत्री बनाने की करो तैयारी त्योंथर से विधानसभा आ रहे त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी









क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी को त्योंथर की जनता विधानसभा तक पहुंचाया है अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी सिद्धार्थ तिवारी को मंत्री बनाकर त्योंथर भेजने की अब आप की बारी त्योंथर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस से भाजपा में आए सिद्धार्थ तिवारी को 5500 वोट से जनता ने दिया आशीर्वाद और सिद्धार्थ तिवारी को विधानसभा में पहुंचा अब जनता की है यही पुकार मंत्री बनाओ अबकी बार जनता की है आवाज सिद्धार्थ तिवारी को मंत्री बनाओ अबकी बार त्योंथर की जनता का मिला आशीर्वाद सिद्धार्थ तिवारी भारी बहुमत से विजई हुए एवं वहीं पर कांग्रेस 5500 वोटो से हार चुकी है और 5500 वोट से सिद्धार्थ तिवारी आगे हैं कांग्रेस से टिकट कटने के बाद सिद्धार्थ तिवारी भाजपा का थामा था दमन उसके बाद जनता से आशीर्वाद की लगाई थी अर्जी विधायक बनने के लिए आपकी ही हमें चाहिए मर्जी जिसमें जनता ने अपना आशीर्वाद सिद्धार्थ तिवारी के नाम सौंपा त्योंथर की जनता के आभारी है सिद्धार्थ तिवारी जन-जन की है यही पुकार सिद्धार्थ तिवारी मंत्री बने अबकी बार सिद्धार्थ तिवारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं इनका त्योंथर से एक पारिवारिक लगाओ है यह त्योंथर को अपना घर मानते हैं और त्योंथर की जनता को अपना परिवार मानते हैं और आज उसी का जीत मिला है सिद्धार्थ तिवारी को सिद्धार्थ तिवारी का हर एक व्यक्ति से व्यक्तिगत लगाओ एक अलग था चाहे वह जिस जाति का रहा हो तिवारी ने कभी किसी जाति को अलग नहीं समझा वह हर जाति को अपना परिवार और अपना भाई ही समझा था जिसका फल आज सिद्धार्थ तिवारी को मिला है कांग्रेस पार्टी सिद्धार्थ तिवारी का टिकट काट दिया था

इसके बाद से उन्होंने जनता की सेवा के लिए मौका देने के लिए भाजपा का दामन थामा और भाजपा से टिकट सिद्धार्थ तिवारी को मिला और वही त्योंथर की जनता ने उनका आशीर्वाद देते हुए त्योंथर से भोपाल विधानसभा तक पहुंचाया अब जनता की है यही पुकार विधानसभा से मंत्री बना कर भेजो सिद्धार्थ तिवारी को अबकी बार

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग अलीगढ़ के तत्वाधान में मण्डल स्तरीय युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन IIMT college ALIGARH में किया



क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय विधायक श्री अनिल पाराशर जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर उपनिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल- श्री आदित्य कुमार, कॉलेज प्रधानाचार्य आईआईएमटी अलीगढ़, जिला युवा कल्याण अधिकारी अलीगढ़ उपस्थित रहे शुभारंभ के अवसर पर टीकाराम इंटर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना कर स्वागत किया गया युवा उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में 04 संस्कृत विधाएं- समूह लोकगीत, समूह लोक नृत्य , व्यक्तिगत लोकगीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, 04- जीवन कौशल विधाएं यथा कहानी लेखन ,पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर , क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्री सुशांत कुमार , श्री राजदीप चौधरी, श्री रोबिन कुमार ,श्री राहुल कुमार एवं निर्णायक मंडल में श्रीमती संगीता , श्रीमती राजेश , श्रीमती किरण एवं श्री जावेद आदि उपस्थित रहे लोक नृत्य समूह में अलीगढ़ प्रथम कासगंज द्वितीय एटा तृतीय स्थान पर रहा एकल लोक नृत्य प्रतियोगिता में कासगंज प्रथम अलीगढ़ द्वितीय एट तृतीय स्थान पर रहा कहानी लेखन में एट प्रथम अलीगढ़ द्वितीय कासगंज तृतीय स्थान पर रहा सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में कासगंज प्रथम एट द्वितीय अलीगढ़ तृतीय स्थान पर रहा अकाल लोकगीत प्रतियोगिता में एट प्रथम कासगंज द्वितीय अलीगढ़ तृतीय स्थान पर भाषण प्रतियोगिता में कासगंज प्रथम अलीगढ़ द्वितीय हाथरस तृतीय स्थान पर रहा

# भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की हुई पंचायत ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष





क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

